


## कोहली को हार्ड हैंड से नहीं खेलना चाहिए

रमीज राजा ने आगे कहा कि, कभी–कभी महान खिलाड़ी भी युवा खिलाड़ियों से सीख सकते हैं। के एल राहुल ने जिस तरह से सॉफ्ट हैंड से बल्लेबाजी की विराट कोहली उससे काफी कुछ सीख सकते हैं। सीरीज में आगे विराट कोहली को हार्ड हैंड से नहीं खेलना चाहिए और उन्हें अपने आपको सेटल करने के लिए थोड़ा वक्त देना ही होगा। वहीं विराट कोहली का विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन ने कहा था कि, उन्हें उम्मीद नहीं थी कि कोहली इतनी जल्दी आउट हो जाएंगे और ये इंग्लैंड की टीम के लिए बड़ा एडवांटेज रहा।

## केएल राहुल से सीखें इंग्लैंड में कैसे की जाती है बल्लेबाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में गोल्डन डक (शून्य) पर अपना विकेट गंवा दिया। वो बल्लेबाजी के लिए आए और जेम्स एंडरसन के खिलाफ अपनी पारी की पहली ही गेंद पर विकेट के पीछे जोस बटलर को कैच थमा बैठे। विराट कोहली भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में बतौर कप्तान नौवीं बार शून्य पर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। अब ओपनर टेस्ट मैच में विराट कोहली की खराब बल्लेबाजी के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी रमीज राजा ने विराट कोहली को सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कि, विराट कोहली को केएल राहुल से सीखना चाहिए कि कैसे इंग्लैंड में सॉफ्ट हैंड से खेला जाता है। रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि, महान खिलाड़ी (विराट कोहली) भी अपने खेल में सुधार करने के लिए युवा बल्लेबाजों से सीख सकते हैं।

# अब तेरी हिम्मत का चर्चा गैर की महफिल में है

**तोक्यो ओलिंपिक**

## भारतीय महिला हॉकी टीम के खेल ने जीता ग्रेट ब्रिटेन का भी दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। खेल में परिणाम के काफी मायने हैं। पर जब आप दिल–जान से खेलते हैं तो परिणाम भूलकर लोग आपका साथ देते हैं। अपने ही नहीं विपक्षी टीम भी आपकी हिम्मत, हौसले और खेल का सम्मान करती है। और विपक्षी टीम से सम्मान कमाना किसी भी खिलाड़ी के लिए काफी अहम होता है। वो कहते हैं ना– अब तेरी हिम्मत का चर्चा, गैर की महफिल में है।

भारतीय महिला हॉकी टीम को तोक्यो ओलिंपिक के ब्रॉन्ज मेडल मैच में ग्रेट ब्रिटेन से हार मिली। लेकिन टीम के खेल की खूब तारीफ हो रही है। ग्रेट ब्रिटेन ने मुकाबला 4–3 से जीता। लेकिन भारतीय टीम ने गत चैंपियन के लिए मुकाबला आसान नहीं होने दिया।
भारतीय टीम कभी 1–3 से पीछे थी लेकिन उसने लगातार गोल कर मैच में वापसी की। अगर ग्रेट ब्रिटेन




की गोलकीपर अच्छे बचाव नहीं करतीं तो भारत के पास आगे बढ़ने का मौका था। ब्रिटेन ने एक गोल के अंतर से मैच और मेडल अपने नाम कर लिया।

तोक्यो ओलिंपिक से पहले भारतीय टीम से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद बहुत कम होगी लेकिन टूर्नमेंट में खत्म होने के बाद इस टीम ने करोड़ो दिल जीत लिए। और इसमें ग्रेट ब्रिटेन भी शामिल है।

ग्रेट ब्रिटेन हॉकी ने ट्वीट किया, क्या मुकाबला था। क्या शानदार विरोधी टीम थी। भारतीय हॉकी टीम तुमने तोक्यो ओलिंपिक में कमाल का खेल दिखाया है। तुम्हारा आने वाला वक्त कमाल के होने वाला है। वाकई, इससे पता चलता है कि भारतीय महिला टीम ने कितना शानदार प्रदर्शन किया कि विपक्षी टीम को भी तारीफ करनी पड़ी। गुरुवार को जब पुरुष टीम ने 41 साल बाद ओलिंपिक में मेडल जीता तो महिला टीम से उम्मीदें बढ़ गई थीं। पर, टीम अहम मौके पर चूक गई। लेकिन भारतीय टीम के प्रदर्शन ने ग्रेट ब्रिटेन को भी प्रभावित किया।

ग्रेट ब्रिटेन की खिलाड़ी मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाती नजर आईं। वे भी जानती थीं कि उन्हें इस जीत के लिए भारतीय टीम ने कड़ी मेहनत करवाई है। मुकाबला कहीं से भी एकतरफा नहीं था और अगर कुछ मूव्स सही बन गए होते तो तस्वीर उलट भी सकती थी। वंदना कटारिया ने भारत के लिए तीसरा गोल किया। हाफ टाइम तक भारत 3–2 से आगे था, लेकिन इसके बाद भारत आगे नहीं निकल सका। भारत के पास कुछ मौके जरूर बराबरी करने के लिए आए, लेकिन टीम 3–4 से पिछड़ गई और कांस्य पदक भारत के हाथ से फिसल गया।

# सेमीफाइनल में हारे बजरंग कांस्य की आस बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड के प्रबल दावेदार माने जा रहे भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। बजरंग को पुरुषों के फ्री स्टाइल 65 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में अजरबैजान के हाजी अलीव ने 12–5 से हरा दिया। हालांकि बजरंग अभी भी कांस्य पदक जीत सकते हैं। वह अब कांस्य के लिए शनिवार को मैट पर उतरेंगे। महिला हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलने उतरी भारतीय लड़कियों ने गजब का खेल दिखाया। हालांकि रानी रामपाल की टीम को ग्रेट ब्रिटेन से हार का सामना करना पड़ा।

### गोल्फर अदिति अशोक ने जगाई पदक की उम्मीद

**गोल्फ में अदिति ने जगाई पदक की उम्मीदः** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक तोक्यो ओलिंपिक में गोल्फ में भारत के पहले पदक की दावेदार बनी हुई हैं जिन्होंने तीसरे दौर में तीन अंडर 67 स्कोर करके दूसरा स्थान बनाए रखा है। अदिति तीन दौर के बाद 12 अंडर 201 के स्कोर के साथ अकेली दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका की नैली कोरडा उनसे तीन स्ट्रोक्स आगे है जिन्होंने इस दौर में दो अंडर 69 स्कोर किया।

न्यूजीलैंड की लीडिया को, ऑस्ट्रेलिया की हन्ना ग्रीन, डेनमार्क की क्रिस्टीन पेडरसन और जापान की मोने इनामी 10 अंडर 203 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अदिति ने पांच बर्डी लगाए और दो बोगी किए। उन्होंने नौवें और 11वें होल पर बोगी करने के बाद 15वें और 17वें होल पर बर्डी लगाए।
इससे पहले उन्होंने चौथे, छठे और सातवें होल पर भी बर्डी लगाए थे। भारत की दीक्षा डागर एक ओवर 72 के स्कोर के साथ निचले हाफ में हैं। अदिति का यह दूसरा ओलिंपिक है। रियो (2016) में वह 41वें स्थान पर थी।

**अदिति कर सकती हैं सरप्राइज**

अदिति ने अपने बढ़िया खेल को आज भी जारी रखा। हां, बीच में कुछ दिक्कतें आईं लेकिन उन्होंने क्या कमाल की वापसी की। आखिरी तीन होल्स में उन्होंने तीन बर्डीज लगाईं। प्रत्येक होल के लिए गोल्फर को स्ट्रोक की एक पूर्व निर्धारित संख्या दी जाती है।

## कोहली सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले कप्तान बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बेहद निराश किया। उम्मीद की जा रही थी कि, विराट कोहली पहली पारी में कुछ खास करेंगे, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ। उन्हें जेम्स एंडरसन ने क्रीज पर ठीक से पांव भी नहीं टिकाने दिया और वो अपनी पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। एंडरसन की गेंद पर विराट कोहली को जोस बटलर ने विकेट के पीछे लपक लिया और वो गोल्डन डक का शिकार होकर पवेलियन वापस लौटे। इस टेस्ट सीरीज में विराट बनाम एंडरसन की भी बात चल रही थी, जिसमें फिलहाल एंडरसन ने बाजी मार ली। वहीं विराट कोहली ने शून्य पर आउट होकर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एम एस धौनी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। भारतीय टेस्ट क्रिकेट में अब तक सबसे ज्यादा बार डक (शून्य) पर आउट होने वाले कप्तान महेंद्र सिंह धौनी थे। अब विराट कोहली ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है और पहले नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में नौवीं बार बतौर कप्तान शून्य पर आउट हुए।

## न्यूज डायरी




### माही एक अच्छे राइडर हैं, वह मुझे रेस में हरा देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बाइक प्रेम जगजाहिर है। माही को कई बार उनके गृहनगर रांची की सड़कों पर बाइक का लुत्फ उठाते हुए देखा गया है। भारत में मोटोजीपी के ब्रैंड एम्बेसडर बॉलिवुड अभिनेता जॉन अब्राहम का कहना है कि धोनी उनसे तेज बाइक चलाते हैं। मिड डे के मुताबिक जॉन अब्राहम बच्चों के लिए मोटरसाइकिल अकादमी की शुरू करना चाहते हैं। उनके पास अपनी 16 बाइक्स हैं। भारतीय ऐक्टर से जब माही और उनके बीच रेस के बारे में पूछा गया तो जॉन ने कहा , वह (धोनी) इसे जीत जाएंगे। वह बहुत बहादुर हैं। वह एक स्पोर्ट्समैन हैं। मैं एक ऐक्टर हूं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि वह बहुत अच्छे चालक हैं। आईसीसी के तीनों टूर्नामेंट में जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान धोनी के पास ढेरों बाइक्स हैं। उनके रांची स्थित फॉर्म हाउस में पुरानी से लेकर अत्याधुनिक बाइक्स हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने सबसे पहले यह बाइक 4,500 रुपये मे खरीदा था।

### अगर मेरे पाले में गेंद होगी तो मैं चौके–छक्के जरूर ठोकूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नॉटिंघम। भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 36 रन पर आउट हो गए। इसके बाद उनके एक शॉट पर सवाल उठे, जो कि उनका पसंदीदा शॉट है। रोहित के आउट होने के तरीके पर सवाल उठे तो हिटमैन ने अपने पुल शॉट खेलने का बचाव किया और कहा कि अगर वह अपने क्षेत्रों में गेंद देखते हैं, तो उन्हें अपने शॉट खेलने होंगे। पहले टेस्ट मैच में अच्छी तरह से सेट दिख रहे रोहित शर्मा को सैम कुरन ने ओली रॉबिन्सन की गेंद पर अपना ट्रेडमार्क पुल शॉट खेलते हुए कैच आउट किया था। दूसरे दिन बारिश के कारण जल्दी खेल समाप्त हो गया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए रोहित शर्मा ने कहा, यह मेरा शॉट है, इसलिए मुझे शॉट खेलने हैं, जैसा कि हमने खेल के पहले घंटे में देखा, हमें कोई ढीली गेंद नहीं मिली और उनके गेंदबाज काफी अनुशासित थे।

### पूर्व चयनकर्ता ने टी 20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी भारतीय टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू हो गई है। इसी लंबी सीरीज के लिए टीम इंडिया इस समय यूनाइटेड किंगडम (यूके) में है। इस सीरीज से ठीक पहले, शिखर धवन की कप्तानी में दूसरे दर्जे की भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेली थी, जिसमें वनडे सीरीज भारत 2–1 से जीता था, लेकिन 1–2 से टी20 सीरीज गंवाई थी। इस सीरीज परिणाम से अधिक ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप 2021 के लिए एक संतुलित टीम खोजने के लिए नए खिलाड़ियों को आजमाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इसमें कुछ खिलाड़ी सफल हुए तो कुछ को निराशा हाथ लगी। हालांकि, अब भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता रहे एमएसके प्रसाद ने टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम का चयन किया है।

### गेंदबाज जोफ्रा आर्चर टी20 विश्व कप से भी बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को एक बड़ा झटका लगा है। चोट से जूझ रहे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करने को बेकरार इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी टल गई है। चोट की वजह से अब वह भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक उनकी वापसी में लंबा वक्त लगने वाला है। इस पूरे साल वह किसी भी टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड अपने चैंपियन गेंदबाज आर्चर को लेकर अपडेट दिया।